कालीन निर्यात संवर्धन परिषद
CARPET EXPORT PROMOTION COUNCIL
(Set up by Ministry of Textiles, Govt of India)
Registered Office: Shree Jee Complex, Shop No T3, Sharma Market, Harola, NOIDA, (U.P.)
Working Office: 2nd Floor, Rajiv Gandhi Handicrafts Bhawan, Baba Kharak Singh Marg, New Delhi – 110001
Tel.: +91-11-23364716, 23364717, **Website:** www.cepc.co.in, **E-Mail :** info@cepc.co.in
Regional Office: Bypass Road, Hariyawan, Bhadohi, Uttar Pradesh - 221401
Regional Office: IICT Campus, Baghi Ali Mardan Khan, Nowshera, Srinagar - 190011 (J & K)
Website of Ministry of Textiles: www.texmin.nic.in

प्रेस विज्ञप्ति

22 अगस्त, 2020

ओशिनिया देशो को ध्यान मे रख कर आयोजित की गई द्वितीय वर्चुअल प्रदर्शनी बी. एस. एम. (BSM) का उद्घाटन 29 सितंबर 2020 को श्री सिद्ध नाथ सिंह, अध्यक्ष, कालीन निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा किया गया । प्रदर्शनी के पहले दिन लगभग 65 विदेशी खरीदारों से जबरदस्त प्रतिक्रिया प्राप्त हुई । छोटे सदस्य निर्यातक बहुत खुश हैं क्योंकि उन्हें वर्चुअल प्लेटफ़ॉर्म पर बहुत अच्छा एक्सपोज़र मिल रहा है जो उन्हें पहले पारम्परिक प्रदर्शनियों के दौरान नही मिल पाता था और उन्होंने बताया कि वे बहुत अच्छा बिजनेस कर रहे हैं।

वर्चुअल बीएसएम (BSM) मे "आकार, डिजाइन, रंग और गुणवत्ता के मामले में खरीदारों की आवश्यकताओं के अनुसार नए संग्रह दिखाए जा रहे हैं, जो विदेशी खरीदारों के लिए आकर्षण का केंद्र है। आयातको द्वारा सबसे ज्यादा देखे जाने वाले उत्पाद **"हैंड नॉटेड कालीन"** रहे । बीएसएम (BSM) 1 अक्टूबर, 2020 तक व्यापार के लिए खुला रहेगा।

प्रदर्शकों की प्रतिक्रिया पहले दिन उत्साहजनक रही, लगभग हर प्रतिभागी के पास विदेशी खरीदारों और खरीद प्रतिनिधियों ने पर्याप्त पूछताछ की ।

वर्चुअल बीएसएम (BSM) को देखने वालो मे आयातको के साथ साथ 86 गणमान्य व्यक्ति और वीआईपी शामिल हैं। उन लोगो ने श्री सिद्ध नाथ सिंह, अध्यक्ष, कालीन निर्यात संवर्धन परिषद, श्री उमर हमीद, द्वितीय उपाध्यक्ष एवं पूरी प्रशासनिक समिति को कोविड परिदृश्य में व्यापार जारी रखने के लिए इस तरह के बेहतरीन मंच की व्यवस्था करने के लिए बधाई दी। ।

श्री सिद्ध नाथ सिंह, अध्यक्ष, कालीन निर्यात संवर्धन परिषद प्रतिभागियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया पाकर बहुत खुश हैं और उन्होंने कहा कि यह माननीय प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण "आत्म निर्भर भारत" और "लोकल को वोकल तथा वोकल को ग्लोबल" की ओर परिषद का यह एक महत्वपूर्ण कदम है ।

आयोजक परिणामों से बेहद खुश हैं और आशा करते हैं कि अधिक खरीदार आएंगे और इस वर्चुअल प्रदर्शनी को सफल बनाएंगे।